# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2,जगदलपुर, जिला–बस्तर छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

**Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar**

Dharampura-2, Jagdalpur, Dist-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode – 494001

Web: www.smkvbastar.ac.in E-mail-exambastar@gmail.com. Telephone 07782-229884, -229215


क्रमांक / 1281 /परीक्षा / गोपनीय / श.म.क.वि.वि. / 2025–26 जगदलपुर, दिनांक 31 /07/2025

## / /अधिसूचना/ /

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर से संबद्ध समस्त महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय, अध्ययनशालाओं में सत्र 2025–26 में प्रवेशित स्नातक / स्नातकोत्तर / डिप्लोमा कक्षाओं के छात्र / छात्राओं का नामांकन हेतु विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.smkvbastar.ac.in** के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित किया जाता है :–

| क्र. | आवेदन विवरण | दिनॉक |
|---|---|---|
| 01 | महाविद्यालय एंव विश्वविद्यालय अध्ययनशालाओं में प्रवेशित नियमित छात्र / छात्राओं द्वारा ऑनलाईन नामांकन आवेदन करने एंव आवश्यक दस्तावेजों को अपलोड करने की तिथि। | 01.08.2025 से 12.08.2025 तक |
| 02 | छात्र / छात्राओं द्वारा ऑनलाईन नामांकन आवेदन की ऑनलाईन जॉच (**Online Verify**) एवं नामांकन आवेदन की हार्डकापी के साथ आवश्यक दस्तावेजों को संलग्न कर महाविद्यालय / विश्वविद्यालय अध्ययनशालाओं में जमा करने की तिथि। | 01.08.2025 से 13.08.2025 तक |
| 03 | महाविद्यालय / विश्वविद्यालय अध्ययनशालाओं द्वारा ऑनलाईन जॉच (**Online Verified**) नामांकन आवेदनों की हार्डकापी, सहित (**Verified Student**) की सत्यापित सूची एंव अषेश प्रमांण पत्र के साथ विश्वविद्यालय में जमा करने की तिथि। | 18.08.2025 तक |

### ऑनलाईन नामांकन आवेदन करने संबंधी निर्देश :–

**(A) नवीन (New) सत्र 2025–26 में प्रवेशित परीक्षार्थियों के लिए नामांकन की प्रक्रिया कक्षावार :–**

- सबसे पहले विश्वविद्यालय के पोर्टल http://www.smkvbastar.ac.in में Examination→ Online Erollment Regular Click करेगें।
- Student login Click Here में Online Admission के समय प्राप्त User ID & Password लॉगिन कर Erollment में Click करेंगें।
- छात्र–छात्राएं अपना प्रोफाईल जैसे कि स्टुडेन्ट डिटेल्स, एकेडमिक डिटेल्स, डाक्युमेंट डिटेल्स, फोटो, सिंगनेचर इत्यादि अपडेट करेंगे।
- Select Subject में Click कर स्नातक स्तर के छात्र–छात्राएं महाविद्यालय द्वारा निर्धारित वेल्यू एडेड कोर्स (VAC) एवं जेनेरिक इलेक्टीव (GE) विषय का चयन कर Submit करेंगें।
- स्नातकोत्तर स्तर के छात्र–छात्राओं को वेल्यू एडेड कोर्स (VAC) एवं जेनेरिक इलेक्टीव (GE) विषय का चयन करने की आवश्यकता नहीं है।
- छात्र–छात्राएं दर्ज की गई जानकारी का अवलोकन कर Confirm for Paymen में Click कर ऑनलाईन शुल्क भुगतान करेगें। एवं आवेदन की प्रिंटऑउट की प्रति अपने पास सुरक्षित रखेंगे।
- User ID & Password सुरिक्षित रखें उक्त User ID & Password शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय की ऑनलाईन परीक्षा आवेदन करने में उपयोग किया जायेगा।
- अन्य विश्वविद्यालयों से उत्तीर्ण छात्र / छात्राऍ शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय के किसी भी पाठ्यक्रम / कक्षा में प्रवेश लिए है वे उपर्युक्तानुसार ऑनलाईन नामांकन की प्रक्रिया करेंगे।

1 to 3

## (B) नवीनीकरण (Renew) प्रवेशित परिक्षार्थियों के लिए प्रक्रिया :–

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय की किसी परीक्षा में उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण, नियमित/अमहविद्यालयीन/गेप होने पर परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय के किसी अन्य कक्षा/पाठ्यक्रम में पुनः नियमित प्रवेश लेने पर उपर्युक्त प्रक्रिया का पालन करते हुए नामांकन का नवीनीकरण कराना अनिवार्य होगा। तथा पूर्व में आबंटित नामांकन क्रमांक दर्ज करना होगा।

## (C) शुल्क संबंधी आवश्यक निर्देश :–

1. छात्र/छात्राएँ निर्धारित **नामांकन शुल्क** 110.00 रू. किसी भी बैंक के डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग/यू.पी.आई. के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान कर सकेंगे। ऑनलाईन भुगतान करते समय अपने बैंक खाते का विवरण, डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग का नम्बर/यूजर आईडी/पासवर्ड/पिन क्रमांक किसी भी अन्य व्यक्ति से साझा न करें। सुरक्षा सर्तकता और गोपनीयता की जिम्मेदारी आपकी होगीं।
2. छात्र ने Enrollment Fees का भुगतान कर दिया है और उसके अकांउट से निर्धारित शुल्क की राशि कट गई है एंव Transaction स्टेटस Pending दिखा रहा हो तो पुनः पेमेंट न करें।
3. ऑनलाईन नामांकन आवेदन में लिखा विद्यार्थी का नाम उसके उच्चतर माध्यमिक शाला प्रमाण–पत्र (हायर सेकण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट) अथवा अन्य वि.वि./बोर्ड द्वारा निर्गमित प्रमाण–पत्र में दिये उनके नाम के अनुरूप होना आवश्यक है। नाम परिवर्तन कराने वाले परीक्षार्थी मूल **हलफनामा/शपथ पत्र और 165/–रू. शुल्क** जमाकर अनुमति प्राप्त होने पर ही वांछित परिवर्तित नाम लिखें। शपथ पत्र हलफनामा को महाविद्यालय/विश्वविद्यालय द्वारा मांग अनुसार उपलब्ध कराएँ।
4. छत्तीसगढ़ के बाहर के बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय से परीक्षा उत्तीर्ण कर आने वाले विद्यार्थी **अप्रवासन शुल्क रू. 275/– रू.** ऑनलाईन भुगतान करेंगे।
5. परीक्षा संबंधी समस्त शुल्क (अप्रवासन शुल्क/विवाह उपरांत उपनाम परिवर्तन शुल्क/त्रुटि सुधार/परीक्षा केन्द्र परिवर्तन/संकाय परिवर्तन/विषय प्रश्न पत्र परिवर्तन/अतिरिक्त विषय पर्यावरण शुल्क आदि) ऑफलाईन नहीं लिया जावेगा।

## (D) Complain Box

यदि परीक्षार्थी को ऑनलाईन नामांकन फार्म भरने में किसी भी प्रकार की समस्याएँ हो रही है तो अपना शिकायत विश्वविद्यालय के वेबासाईट www.smkvbastar.ac.in → Examination → Complain Box दर्ज कर सकते हैं।

## (E) हेल्प लाईन नं./ई–मेल आईडी :–

- **विश्वविद्यालय :– EXAM - 07782-229884, 229215, E-mail: exambastar@gmail.com**
- **वेबसाईट :– MOBILE - 08062526441, E-mail: smkvhelpdesk@gmail.com**

## (F) महाविद्यालय हेतु आवश्यक निर्देश :–

1. सर्वप्रथम महाविद्याल/विश्वविद्यालय अध्ययनशाला में संचालित वेल्यू एडेड कोर्स (VAC) एवं जेनेरिक इलेक्टीव (GE) विषय का चयन कर Submit करेंगें।
2. महाविद्यालय एंव विश्वविद्यालय अध्ययनशाला द्वारा प्रवेशित छात्र–छात्राओं को ऑनलाईन नामांकन आवेदन करने हेतु पत्र/दूरभाष/वॉटसप इत्यादि के माध्यम से सूचित करेंगे।
3. महाविद्यालय/विश्वविद्यालय अध्ययनशाला द्वारा ऑनलाईन नामांकन आवेदन की प्रपत्रों की जॉच करने के लिए प्राचार्य/विभागाध्यक्ष अपने User ID & Password से College में Login करेंगे।
4. विद्यार्थी द्वारा जमा कराये गये ऑनलाईन नामांकन आवेदनों की कक्षावार सूची College Login में Erollment List → Subject/Course /Group का चयन करने पर सूची प्राप्त होगी तद्पश्चात् View ऑप्शन में Click कर ऑनलाईन नामांकन आवेदन का परीक्षण (जॉच) करेंगे।

2703 [handwritten initials]

5. विद्यार्थी द्वारा जमा करायें गये ऑनलाईन नामांकन आवेदन एंव आवश्यक दस्तावेज का ऑनलाईन परीक्षण कर नामांकन सूची प्राप्त करें एवं जारी निर्देशों का पालन करते हुए निर्धारित तिथि तक विश्वविद्यालय में जमा करें।
6. दूसरे विश्वविद्यालय या प्रदेश से बाहर के बोर्ड की परीक्षा उत्तीर्ण कर आने वाले विद्यार्थियों का मूल माइग्रेशन/पात्रता प्रमांण पत्र का मूल प्रति संलग्न करावें।
7. विद्यार्थी द्वारा अपलोड किये गये दस्तावेजों का ऑनलाईन परीक्षण प्रवेश के समय जमा किये गये 10वीं/12वीं/स्नातक/माईग्रेशन/पात्रता/जाति/निवास/गेप सर्टिफिकेट इत्यादि के आधार पर परीक्षण करेंगे।
8. विद्यार्थी द्वारा जमा की गई शुल्क् की राशि निर्धारित अनुसार है का परीक्षण आवश्यक है।
9. प्राचार्य/विभागाध्यक्ष अपात्र विद्यार्थियों का आवेदन विश्वविद्यालय को सूचित करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करें।
10. विद्यार्थियों को बीच सत्र में विषय/प्रश्नपत्र परिवर्तन करने की अनुमति नहीं है। परिवर्तन करने पर ऑनलाईन नामांकन आवेदन निरस्त किया जावेगा।
11. विद्यार्थियों द्वारा माध्यम का चुनाव हिन्दी/अंग्रेजी सही–सही किया गया है का परीक्षण करेंगे।
12. केन्द्र अथवा राज्य शासन के कर्मचारी अथवा उनके पाल्य या उन पर आश्रित के लिये संबधित विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा दिया गया प्रमाण–पत्र निवास प्रमाण–पत्र के लिए मान्य होगा।
13. शैक्षणिक सत्र 2025–26 में प्रवेशित छात्र/छात्राओं का आर्हता हेतु छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत में दिये गये प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य होगा।
14. प्राचार्य/विभागाध्यक्ष किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर विश्वविद्यालय से सम्पर्क करेंगे।

**(कुलपति जी द्वारा अनुमोदित)**

**कुलसचिव**
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर
जगदलपुर (छ.ग.)

पृ. क्रमांक/1282/परीक्षा/गोपनीय/श.म.क.वि.वि./2025 जगदलपुर, दिनांक 31/07/2025

प्रतिलिपि :–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के सचिव, राजभवन, रायपुर।
2. सचिव, छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन नया, रायपुर (छ.ग.)।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक–सी द्वितीय तल, तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर (छ.ग.)।
4. माननीय कुलपति जी, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर को सूचनार्थ सम्प्रेषित।
5. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/विभागाध्यक्ष समस्त अध्ययनशाला को इस अनुरोध के साथ अग्रेषित कि वे अग्रेषणकर्ता, अधिकारी के लिए जारी निर्देश का पालन करते हुए परीक्षण कर नामांकन आवेदन पत्र अग्रेषित करें।
6. समस्त विभाग, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर की ओर सूचनार्थ।
7. जनसंपर्क अधिकारी, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8. सूचना पटल में प्रदर्शित करने हेतु।

**सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)**
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर (छ.ग.)

3to3a